संख्या–857 / पांच–5–2020

प्रेषक,

शत्रुन्जय कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चिकित्सा अनुभाग–5 **लखनऊ; दिनांकः 20 अप्रैल, 2020**

विषयः कोविड–19 रोग संचरण के दृष्टिगत टेली–कन्सलटेशन की सुविधा के संबंध में।

महोदय,

आप अवगत है कि चिकित्सा विभाग के हेल्पलाइन 1800–180–5145 के माध्यम से टेली–कन्सलटेशन की सुविधा दिनांक 13.04.2020 से प्रारम्भ कर दी गयी है। इसके अन्तर्गत लोगों को चिकित्सकों के साथ दूरभाष पर कनेक्ट किया जा रहा है।

2– प्रश्नगत सन्दर्भ में जनपदों को निर्देशित किया गया है कि वह जनपद स्तर पर उपलब्ध एवं इच्छुक चिकित्सकों को फोन नम्बर स्थानीय अखबारों में उपलब्ध करा दें, जिससे लोग सुगमता पूर्वक टेलीफोन पर चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त कर सके।

3– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया टेली–कन्सलटेशन के बिन्दु पर सभी जनपदों में अनुपालन सुनिश्चित कराकर अनुपालन आख्या शासन को उपलब्ध कराते हुए राज्य मुख्यालय स्तर पर प्रारम्भ किये गये टेली–कन्सलटेशन की सुविधा से अधिकतम डाक्टरों को जोड़ने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शत्रुन्जय कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या–857(1) / पांच–5–2020 तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त मण्डलायुक्त / समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
2. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उ0प्र0।
3. समस्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / अधीक्षिका, उ0प्र0।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

20/04/2020

(वेद प्रकाश राय)
अनु सचिव।

Pankaj/GO/COME-3